लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2400
08 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

इस्पात पी.एस.यू. की जनशक्ति

2400. श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) और इसकी प्रत्येक अनुषंगी कंपनी के विभिन्न विभागों विशेषकर चिकित्सा विभागों में विभिन्न श्रेणियों/संवर्गों में कार्मिकों के कई पद रिक्त हैं और कई कार्य आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराये जा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सेल और इसकी अनुषंगी कंपनियों विशेषकर बोकारों स्टील प्लांट में गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान वर्तमान समय तक संवर्ग 'क', 'ख', 'ग' और 'घ' के कुल संस्वीकृत पदों की तुलना में कार्यरत कार्मिकों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की स्थिति क्या है; और

(घ) सेल और इसकी प्रत्येक अनुषंगी कंपनी में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराए जा रहे कार्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क), (ख) और (घ): जी, नहीं। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के पास प्रतिवर्ष मानव संसाधन योजना (एचआरपी) तैयार करने का एक सुव्यवस्थित तंत्र विद्यमान है, जिसमें अधिवर्षिता की आयु पर सेवानिवृत्त होने के कारण पैदा होने वाली जरूरतों, नई सुविधाओं इत्यादि जैसे सभी मामलों की जांच की जाती है और अस्पतालों सहित संयंत्रों/ इकाईयों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कुशल जनशक्ति प्रदान करने हेतु भर्ती बजट का अनुमोदन किया जाता है। सेल के संयंत्र/ ईकाइयां विशेष व बीच-बीच में पैदा होने वाले कार्यों तथा आधुनिकीकरण एवं विस्तार कार्यक्रम के तहत चल रही अनेक परियोजनाओं के कार्यों लिए निविदा प्रक्रिया के जरिये संविदा प्रदान करते है। छुट-पुट कार्यों, संयंत्र एवं उपकरण की बड़े पैमाने पर आवधिक मरम्मत और बीच-बीच में पैदा होने वाले उनके अनुरक्षण कार्यों, नई परियोजनाओं के साथ-साथ विद्यमान सुविधाओं के संवर्धन, संशोधन और सुधार (एमएमआर) से संबंधित कार्यों, सड़क निर्माण, भवन

रख-रखाव और अपशिष्ट का निपटान इत्यादि कार्यो को ठेके पर दिया जाता है। ठेकेदार स्वयं को सौंपे गये ठेकागत कार्यों के क्रियान्वयन के लिए ठेका मजदूर रखते है।

(ग): दिनांक 01.11.2014 की स्थिति अनुसार कर्मचारियों की श्रेणीवार संख्या निम्नलिखित है:-

	सेल				बोकारो इस्पात संयंत्र			
वर्ष के अंत में जनशक्ति	श्रेणी क	श्रेणी ख	श्रेणी ग	श्रेणी घ	श्रेणी क	श्रेणी ख	श्रेणी ग	श्रेणी घ
2011-12	15511	40327	50166	-	2811	8392	8883	-
2012-13	15232	40651	45995	-	2702	8261	6955	-
2013-14	14780	40136	42981	-	2529	7096	7938	
2014-15 (अक्तूबर-2014 तक)	14998	38643	42053	-	2588	6650	7925	-

अधिवर्षिता की आयु पर सेवानिवृत्त होने के पश्चात् कंपनी के किसी भी कर्मचारी को श्रेणी क, ख, ग अथवा घ किसी में पुर्ननियोजित नहीं किया जाता है।

***